गोली मारकर युवक की हत्या की कोशिश करने वाले तीन और बदमाश गिरफ्तार

थप्पड़ का बदला लेने के लिए आरोपियों ने की थी हत्या की प्लानिंग

जयपुर (कासं)। करधनी थाना पुलिस ने तीन युवकों को गोली मार हत्या के प्रयास मामले में फरार तीन ओर बदमाशों को गिरफ्तार किया। पुलिस को चकमा देकर भागने की कोशिश में तीनों बदमाशों के पैरों में चोट आई है। पुलिस मामले में मास्टर माइंड सहित चार बदमाशों को पहले गिरफ्तार कर चुकी है।

पूछताछ में सामने आया है कि थप्पड का बदला लेने के लिए हत्या का प्री-प्लान बनाया गया था। एक महीने की प्लानिंग के बाद रैकी कर वारदात को अंजाम दिया गया। पुलिस से बचने के लिए इंस्टाग्राम कॉलिंग का आपस में बात करने में यूज किया गया। पुलिस ने शनिवार को बदमाशों का जुलुस निकाला। इस दौरान बदमाश हाथ जोड़कर या कान पकड़कर चलते नजर आए। जुलूस के दौरान बदमाश अपने अपराध को लेकर क्षमा मांगते रहे। पुलिस ने बदमाशों का करीब दो किमी लम्बा जुलूस निकाला।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम अमित कुमार ने बताया कि करधनी थाना पुलिस ने तीन युवकों को गोली मार हत्या के प्रयास मामले में आरोपी नागेन्द्र उर्फ हनी सिंह उर्फ हनी बिहारी (20) निवासी पीलीगंज पटना बिहार हाल नांगल जैसा बोहरा करधनी को लखनऊ से पकड़ा था। वहीं फायरिंग के दौरान शामिल फरार साथी नरेंद्र सिंह, करण पारीक और दीपक चौधरी को भी पकड़ा गया है। जो पुलिस को चकमा देकर भागने की कोशिश में तीनों आरोपियों के पैरों में चोट आई है। फायरिंग का मेन मास्टर माइंड हिस्ट्रीशीटर राकेश मीणा है। पुलिस ने राकेश मीणा को गिरफ्तार कर वारदात में प्रयोग कार को जब्त किया। कार के ऑनर शक्ति सैनी व रेकी करने वाले वंश जोगी का नाम सामने आने पर पुलिस ने उन्हें भी पूर्व में गिरफ्तार किया गया था। पुलिस आरोपियों के कब्जे से वारदात में यूज हथियार की बरामदगी के साथ खरीद-फरोख्त को लेकर पूछताछ कर रही है।

करधनी थाना पुलिस ने युवक की हत्या की कोशिश करने वाले तीन और बदमाशों को गिरफ्तार किया।

- **पुलिस को चकमा देकर भागने की कोशिश में इन तीनों बदमाशों के पैरों में चोट आई है। इसे पूर्व भी पुलिस ने इस मामले में मास्टर माइंड सहित चार बदमाशों को गिरफ्तार किया था।**
- **करधनी थाना ने गिरफ्तार आरोपियों को जुलुस निकाला, बदमाश सड़क पर हाथ जोड़कर या कान पकड़कर चलते नजर आए।**

पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि शिवराज सिंह गैंग के गुर्गों में हनी बिहारी का नाम भी शामिल है। कुछ महीने पहले वंश जोगी का वैभव ओझा से झगड़ा हो गया था। वंश जोगी की तरफ से झगड़ा करने हनी बिहारी आया था।

कहासुनी के बाद धक्का-मुक्की होने पर वैभव ने हनी बिहारी के थप्पड़ मार दिए थे। इसके बाद से ही हिस्ट्रीशीटर राकेश मीणा के साथ मिलकर वंश और हनी बदले की प्लानिंग कर रहे थे। थप्पड़ का बदला वैभव की हत्या से लेने तय हुआ। पिछले एक महीने में हत्या का प्री-प्लान तैयार किया गया।

हत्या के लिए हथियार से लेकर रैकी-फरारी के साथ आपस में जुड़े होकर पुलिस से बचने का प्लान बनाया गया था। वैभव ओझा की हत्या की पूरी तैयारी होने पर 24 जनवरी की शाम से ही वंश को उसके घर के बाहर तैनात कर दिया गया। हिस्ट्रीशीटर राकेश मीणा ने शक्ति सैनी से उसकी स्विफ्ट कार लेकर हनी बिहारी को वारदात करने के लिए दी। स्विफ्ट कार लेकर हनी बिहारी अपने साथी नरेंद्र सिंह, करण पारीक और दीपक चौधरी के साथ निकल गया। रात को बाइक पर वैभव अपने दोस्त मुकुंद के साथ घर से निकला।

रैकी कर रहे वंश ने हनी बिहारी को बाइक पर वैभव के बेनाड़ रोड पर आने की बताया। करीब 15 मिनट बाद बेनाड़ रोड पर वैभव के पहुंचते ही कार में से ही हनी बिहारी ने फायर कर दिया। बाइक सहित वैभव अपने दोस्त मुकुंद के साथ गिर गया। हनी बिहारी ने वैभव को मारने के लिए दो-तीन राउंड फायर किए। वैभव अपने दोस्त मुकुंद के साथ वहां से पैदल भाग निकला। करीब 100 मीटर दूर बचने के लिए अनजान मकान में घुस गया। पीछा करते हुए हनी बिहारी व उसके साथी भी घर में घुस गए। घर में घुसकर की गई फायरिंग में वैभव ओझा के हाथ-पैर में गोली लगी। वैभव को बचाने की कोशिश में मुकुंद के हाथ में भी गोली गई। इस दौरान मकान में रहने वाले सुनील ढाका के हाथ में गोली लगी। गोलियां खत्म होने के कारण वैभव को मारने में हनी कामयाब नहीं हो सका। फायरिंग की आवाज सुनकर लोगों के इकट्ठा होते देखकर हनी बिहारी अपने साथियों के साथ वहां से भाग निकला।

इंस्टाग्राम कॉलिंग व क्यूआर कोड यूज

वैभव की हत्या में कामयाब नहीं होने पर हनी बिहारी और उसके साथी फरारी काटने के लिए राजस्थान से बाहर निकल गए। प्लानिंग के तहत हनी बिहारी ने पुलिस पकड़ से बचने के लिए मोबाइल भी साथ नहीं रखा। वह राहगीरों से बातचीत के दौरान कुछ देर के लिए मोबाइल लेता था। उसमें अपना इंस्टाग्राम आईडी चालू कर कॉल कर साथियों से बातचीत कर बंद कर देता था। पुलिस ट्रेस के दौरान पीछा करते पहुंचने पर अनजान व्यक्ति का मोबाइल होना सामने आया। फरारी के दौरान कुछ भी खरीदने के लिए क्यूआर कोड भिजवाकर पेमेंट करवा देता।

घर में घुसकर महिला से लूट

जयपुर । खोह नागोरियान थाना इलाके में दो बदमाश घर में महिला को अकेला पाकर घुस गए और महिला से मारपीट कर नगदी व जेवरात लूट कर भाग निकले। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

पुलिस के अनुसार विनायक विहार लूनियावास निवासी पुष्पा पत्नी अमोल अग्रवाल ने मामला दर्ज करवाया कि तीस जनवरी को उसके पति दुकान पर चले गए और वह घर पर अकेली थी। इसी दौरान किसी ने घर की बेल बजाई। इस पर उसने गेट खोला तो बाहर दो युवक खड़े थे। युवकों ने दुकान से भेजने की बात कहीं और अंदर घुस गए। इसके बाद आरोपियों ने महिला के साथ धक्का मुक्की कर मारपीट शुरू कर दी। मारपीट कर बदमाश अलमारी में रखे 1500 ग्राम चांदी के जेवरात व नगदी निकाल कर ले गए। जाते समय बदमाश महिला को एक कमरे में बंद कर गए। किसी तरह महिला ने बाहर निकलकर शोर मचाया तो आस-पास के लोगों को घटना का पता चला। इस पर बदमाशों को आस-पास खोजा गया, लेकिन उसका सुराग नहीं लगा। पीडिता ने मामले की जानकारी अपने पति को सूचना दी। सूचना पर मौके पर पहुंच कर पुलिस ने साक्ष्य लेकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस घटना स्थल और उसके आस-पास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

युवक से मोबाइल छीन भागे बदमाश

जयपुर । बनी पार्क इलाके में बाइक सवार दो बदमाश बस का इंतजार कर रहे युवक के हाथ से मोबाइल छीनकर ले गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। पुलिस के अनुसार सोडाला निवासी रामजी लाल स्पेस सिनेमा के पास बस का इंतजार कर रहा था। इसी दौरान बाइक सवार दो बदमाश आए और उसके हाथ पर झपट्टा मार कर मोबाइल छीनकर ले गए। घटना के बाद पीड़ित थाने पहुंचा और मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर घटना स्थल के सीसीटीवी फुटेज खंगालने शुरू किए।

सार-समाचार

उत्पादन-उपभोग बढ़ायेगा बजट : भंसाली

जयपुर । राजस्थान सीए सोसाइटी के अध्यक्ष सी.ए. सुधीर भंसाली ने केंद्रीय बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि, केन्द्र सरकार ने कर प्रस्ताव इस तरह बनाया है कि इससे उत्पादन और उपभोग बढ़ेगा। केंद्रीय बजट में प्रत्यक्ष कर, कस्टम ड्यूटी आदि को इस तरह से प्रस्तुत किया, जिससे मध्यम मार्ग का जो उपभोग कम हो रहा था, वो बढ़ जाएगा और उससे उत्पादन एवं सेवा क्षेत्रों मे बहार आएगी। अब 12 लाख तक की आय वालों को केन्द्र सरकार ने आयकर मुक्त कर दिया है। इंपोर्ट ड्यूटी, कस्टम ड्यूटी जो कि जीवन रक्षा दवाओं और इलेक्ट्रिक आइटम जो उत्पादन में काम आयेंगे, वो या तो कम किया या कर मुक्त कर दिया, इससे जीवन रक्षा दवाओं की कीमत कम हो जाएगी। इसके अलावा खिलौना, चमड़ा, आवास, बैटरी, स्टार्टअप में रियायतें दी गई है, इससे बेरोजगारी कम होने की संभावना है। सी.ए. भंसाली का कहना है कि एम.एस.एम.ई. क्षेत्र में काम कर रहे उद्योगों को काफी फायदा दिया गया है, उनको 20 करोड़ रुपये तक क्रेडिट गारंटी, माइक्रो क्षेत्र मे काम क्रेडिट कार्ड, कृषि क्षेत्र की तरह 5 लाख सीमा तक क्रेडिट दिया जाएगा। बीमा क्षेत्र में राहत से प्रीमियम कम होने की पूर्ण संभावना है। सीए विपिन कानूनगो ने आयकर कोड अगले सप्ताह लाने का स्वागत किया है।

देश को समृद्ध बनायेगा बजट : कर्णावट

जयपुर । जयपुर ग्रेटर नगर निगम के उपमहापौर पुनीत कर्णावट ने केन्द्रीय बजट 2025-26 को देश के विकास व समृद्धि के लिए ऐतिहासिक बताया है। उन्होंने कहा कि यह बजट न केवल देश की आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देगा, बल्कि युवाओं, महिलाओं और किसानों के सशक्तीकरण को भी प्रोत्साहित करेगा। कर्णावट ने कहा कि यह बजट देश के विकास और समृद्धि के लिए माइलस्टोन साबित होगा, जिसमें मध्यम वर्ग को बड़ी राहत देते हुए 12 लाख रुपए प्रतिवर्ष तक की आमदनी को आयकर मुक्त करने का प्रावधान किया गया है। उन्होंने इस ऐतिहासिक एवं विकास उन्मुख बजट के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का आभार व्यक्त किया है।

सहकार नेता आमेरा ने बजट को सराहा

जयपुर (कासं)। सहकार नेता सूरज भान आमेरा ने केन्द्रीय बजट को कृषि, सहकारिता और नौकरीपेशा मध्यम वर्ग के लिए हितकारी बताया है। उन्होंने कहा कि पी.एम.धन-धान्य योजना, केसीसी ऋण लिमिट 5 लाख करने, राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (एनसीडीसी) को अतिरिक्त बजट देने व आयकर छूट से कृषि व सहकारिता को मज़बूती मिलेगी। इसके साथ ही आय व खपत में वृद्धि से बाजार अर्थव्यवस्था और देश के विकास को मज़बूती मिलेगी।

'टैक्स राहत से अर्थव्यवस्था मजबूत होगी'

जयपुर । रविकाश फाइनेंशियल के डायरेक्टर विकास ओझा ने मोदी सरकार के सालाना बजट को अभूतपूर्व बताया है। उन्होंने कहा कि मिडिल क्लास को आयकर में दी गई 12 लाख की छूट की बड़ी राहत से अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी, इसके साथ ही टैक्स राहत से लोगों की खर्च करने की क्षमता बढ़ेगी। इससे न केवल लोगों की आय में बचत होगी, अपितु लाखों करदाताओं को फायदा होगा। ओझा ने बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा यह बजट न केवल भारत को आत्मनिर्भर बनाएगा बल्कि देश को विकसित भारत के रूप में स्थापित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा यह बजट आम आदमी की आंकाक्षाओं के अनुरूप है और एक लम्बे अर्से के बाद महंगाई से पीड़ित मिडिल क्लास को राहत प्रदान की गई है, जिसका देशवासी स्वागत और मोदी सरकार का आभार व्यक्त करते है।

'विकसित भारत के निर्माण का बजट'

जयपुर । जयपुर ज्वैलर एसोसिएशन के वाईस प्रेसिडेंट राजू मंगोड़ीवाला ने केन्द्रीय बजट को विकसित व आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का बजट बताया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि बजट हर वर्ग, विशेषकर निम्न व मध्यमवर्गीय परिवारों के लिये आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भागीदारी निभायेगा। यह सर्वस्पर्शी और कल्याणकारी बजट देश के विकास को गति देगा। बजट में विकसित भारत के निर्माण की मजबूत नींव रखी गई है। यह बजट सिर्फ आंकड़ों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक सर्वांगीण दृष्टिकोण को दर्शाता है, जिसमें गरीबों का कल्याण, किसानों का उत्थान, मातृशक्ति का सम्मान और नौजवानों के लिए अवसर शामिल है। यह बजट न केवल ग्रामीण विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि स्वर्णिम भारत की परिकल्पना को साकार करने के लिए एक शक्तिशाली माध्यम भी साबित होगा।

बजट में आमजन को राहत : गोतोड़

जयपुर । भाजपा नेता एवं पार्षद प्रत्याशी रहे मनोज सिंह गोतोड़ ने मोदी सरकार के आम बजट की सराहना की है। उन्होंने इस बजट को युवा, महिला, किसान और नौकरी पेशा वर्ग के साथ-साथ सभी के लिए हितकर बताया है। मनोज सिंह का कहना है कि, बजट में केन्द्र सरकार ने मध्यम वर्ग को बड़ी राहत देते हुए 12 लाख रु. प्रतिवर्ष तक की आमदनी को आयकर से मुक्त किया है। 36 जीवन रक्षक दवाइयों को शुल्क मुक्त करने का निर्णय सराहनीय है। फल-सब्जियों, और श्री अन्न के लिए व्यापक कार्यक्रम पोषण संबंधी सुरक्षा और किसान के लिए बेहतर आय के अवसरों में सुधार से उच्च मूल्य वाली फसलों के लिए बहुत जरूरी कृषि विविधीकरण को सुनिश्चित करने में एक लंबा रास्ता तय करेगा। ईवी घटकों और महत्वपूर्ण खनिजों के लिए बुनियादी सीमा शुल्क पर छूट, एक मॉडल द्विपक्षीय निवेश संधि के साथ-साथ लिथियम-आयन बैटरी, आत्मनिर्भरता और वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए भारत की प्रतिबद्धता को मजबूत करती है।

नई बचत स्कीम भी जरूरी : ऋषि अग्रवाल

जयपुर । सहकार भवन स्थित कृभको में राज्य लेखा प्रमुख के पद पर कार्यरत सी.ए. ऋषि अग्रवाल ने केन्द्रीय बजट की सराहना की है। उन्होंने कहा कि नई बचत स्कीम आनी चाहिए। अग्रवाल ने कहा कि केन्द्र सरकार के आम बजट में नौकरी पेशा वर्ग के लिए आयकर सीमा नई स्कीम में 12 लाख किया जाना ठीक है, इससे बाजार में अधिक धन प्रवाह होगा। नौकरी पेशा वर्ग नई टैक्स स्कीम से लाभान्वित होगा, परन्तु बचत के प्रति उदासीन होगा, जिसके निकट भविष्य में प्रतिकूल परिणाम देखने को मिल सकते है, इसलिए बचत के लिए अतिरिक्त स्कीम लागू की जानी चाहिए थी। वरिष्ठ नागरिकों के लिए बैंक ब्याज की आय पर पूर्ण रूप से कर छूट होनी चाहिए।

आयकर में राहत का स्वागत : राठौड़

जयपुर । अखिल राजस्थान एकीकृत महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष गजेन्द्र सिंह राठौड़ ने केन्द्रीय बजट में 12 लाख तक की वार्षिक आय को कर मुक्त करने की घोषणा पर मोदी सरकार और केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री द्वारा अल्प एवं मध्य आय वर्ग के कर्मचारियों तथा आम जनता को 11 साल बाद कर मुक्त करने का हम स्वागत करते है।

ए.टी.एम. लूटने की कोशिश करने वाला आरोपी गिरफ्तार

जयपुर (कासं)। सांगानेर सदर इलाके में एटीएम लूट का प्रयास करने के मामले में पुलिस ने एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी ने एक ही दिन तीन एटीएम में घुस कर लूट करने का प्रयास किया। एक एटीएम में दोबारा से वारदात करने घुसा तो पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंच कर आरोपी को पकड़ लिया।

पुलिस ने बताया कि एटीएम में गश्त कर रही 112 को सुबह करीब साढ़े तीन बजे गश्त के दौरान एक युवक एटीएम से निकल कर भागता दिखाई दिया। इस पर जीप में मौजूद पुलिस टीम ने युवक का पीछा कर उसे पकड़ा। पता चला की आरोपी ने तीन एटीएम में तोडफोड का प्रयास किया है। जिस पर आरोपी राम खिलाड़ी मीणा निवासी कोलिया थाना बनेड़ा जिला टोंक को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार आरोपी ने आईसीआईसीआई बैंक के एटीएम में तोड़फोड़ कर वहां पर रखी बैटरी चोरी की थी। आरोपी के खिलाफ टोंक सहित कई जिलों में लूट और चोरी के मामले दर्ज हैं। प्रारम्भिक पूछताछ में बदमाश ने बताया कि उस ने सबसे पहली वारदात आईसीआईसीआई बैंक एटीएम कुम्भा मार्ग प्रताप नगर में वारदात करने का प्रयास किया। इसके बाद बदमाश ने आईसीआईसीआई बैंक एटीएम सीतापुरा रीको में वारदात का प्रयास किया। इसमें भी वह सफल नहीं हुआ। जिसके बाद आरोपी ने आईसीआईसीआई बैंक एटीएम गोवर्धन नगर मालपुरा गेट में वारदात का प्रयास किया। उसमें भी वह सफल नहीं हुआ। इसके बाद आरोपी दोबारा से सीतापुरा रीको में आईसीआईसीआई बैंक में बैट्री चोरी करने गया जिस पर पुलिस के हाथ आरोपी लगा।

आरोपी रामखिलाड़ी मीणा

महारानी कॉलेज की छात्रा ने हॉस्टल में फांसी लगाई

जयपुर । गांधी नगर इलाके में महारानी कॉलेज की छात्रा ने हॉस्टल में फांसी का फंदा लगाकर जान दे दी। फिलहाल छात्रा के आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने छात्रा का मोबाइल जब्त कर उसकी जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार शनिवार को माही हॉस्टल में रह रही विराट नगर निवासी 16 वर्षीय सारिका ने कमरे में पंखे से चुन्नी का फंदा लगाकर जान दे दी। शाम करीब 5 बजे जब उसकी रुम मेट वापस लौटी तो दरवाजा बंद मिला। उसने दरवाजा खटखटाया, लेकिन अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। इस पर उसने हॉस्टल वार्डन को जानकारी दी। वार्डन ने भी आवाज लगाने के साथ गेट खटखटाया। लेकिन गेट नहीं खुला। इस पर उसने गेट को तोड़ा तो अंदर सारिका पंखे से चुन्नी के सहारे लटकी मिली। इस पर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंच कर पुलिस ने शव को उतार कर अस्पताल पहुंचाया। मामले की जानकारी पुलिस ने मृतका के परिजनों को दे दी है। एफएसएल टीम ने भी मौके पर पहुंच कर साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने बताया कि सारिका महारानी कॉलेज में पढ़ती है और वह बीएससी प्रथम वर्ष की छात्रा है। मृतका के पास कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।

राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम के "विद्युत गृहों" का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

8341.5 मेगावाट क्षमता की इकाईयों से प्रदेश में 7160 मेगावाट का सर्वाधिक विद्युत उत्पादन किया

जयपुर (कासं)। राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम के विद्युत गृहों ने शुक्रवार को अब तक का उच्चतम 7160 मेगावाट विद्युत उत्पादन करते हुए गौरवपूर्ण उपलब्धि हासिल की हैं। वर्तमान में संचालित उत्पादन निगम की 7330 मेगावाट क्षमता की 22 थर्मल इकाइयों ने शुक्रवार को सर्वाधिक 6833 मेगावाट का विद्युत उत्पादन हासिल किया। वहीं निगम की गैस आधारित 600.5 एवं जल विद्युत आधारित 411 मेगावाट क्षमता की इकाइयों से 327 मेगावाट का विद्युत उत्पादन अर्जित किया गया।

ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उत्पादन निगम के सीएमडी, अभियन्ताओं एवं समस्त कर्मचारियों को बधाई दी है। उन्होंने बताया कि उत्पादन निगम ने 8341.5 मेगावाट की संचालित इकाईयों से 7160 मेगावाट का उच्चतम विद्युत उत्पादन दर्ज किया है जो कि हाल ही में 10 जनवरी 2025 को हासिल किये गए 7066 मेगावाट के सर्वोच्च विद्युत उत्पादन से 94 मेगावाट अधिक है। यह जुलाई 2000 को निगम के गठन के बाद से भी अब तक की सर्वश्रेष्ठ उपलब्धि है। वर्तमान में 7580 मेगावाट क्षमता की 23 इकाइयों में से 22 इकाइयों से उत्पादन किया जा रहा है। सूरतगढ़ थर्मल की 250 मेगावाट क्षमता की इकाई संख्या 3 वार्षिक रखरखाव के कारण फिलहाल बन्द है।

- **राज्य सरकार के दिशा-निर्देशन में उत्पादन निगम की गौरवपूर्ण उपलब्धि**

अतिरिक्त मुख्य सचिव, ऊर्जा आलोक ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार प्रदेश को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में अग्रसर है। राज्य सरकार के दिशा-निर्देशन में कार्य करते हुए बेहतर रखरखाव, कुशल वार्षिक अनुरक्षण तथा श्रेष्ठ संचालन के कारण विद्युत उत्पादन ने यह शानदार सफलता हासिल की है।

उन्होने आशा प्रकट की है कि भविष्य में भी इसी प्रकार बेहतर प्रदर्शन करते हुए निगम प्रदेश के विद्युत उत्पादन में अपना विशिष्ट योगदान देता रहेगा। राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम के अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक देवेन्द्र श्रृंगी ने इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर कर विद्युतगृहों के सभी अभियंताओं एवं कर्मचारियों को बधाई देते हुए बताया कि निगम के कर्मचारियों की देखरेख एवं अनवरत मेहनत के कारण ही इकाईयों द्वारा सर्वश्रेष्ठ उत्पादन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार के दिशा निर्देशानुसार उत्पादन निगम द्वारा निरंतर प्रयास करते हुए चरणबद्ध तरीके से निगम की इकाइयों का उचित रखरखाव एवं तकनीकी खामियों को दूर किया गया है।

छह मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार

जयपुर । जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल जिला स्पेशल टीम (सीएसटी) ने ऑपरेशन क्लीन स्वीप अभियान के तहत महेश नगर, रामनगरिया, दौलतपुरा, चौमूं, भांकरोटा और करधनी इलाके में कार्रवाई करते हुए छह प्रकरण दर्ज कर चार महिलाओं सहित छह तस्करों को गिरफ्तार किया है और साथ ही पुलिस ने आरोपियों के पास से अवैध मादक पदार्थ स्मैक 01 ग्राम, गांजा 227 ग्राम एवं बिक्री की राशि 23 हजार रुपये सहित एक चौपहिया वाहन भी बरामद किया गया। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत सीएसटी महेश नगर, रामनगरिया, दौलतपुरा, चौमूं, भांकरोटा और करधनी थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए मादक पदार्थ की सप्लाई करने वाले मोहन सैनी निवासी करधनी, सुनीता सांसी निवासी रामनगरिया, ममता सांसी निवासी दौलतपुरा जयपुर,पवन कुमार निवासी यूपी हाल महेश नगर जयपुर, राजकुमारी सांसी निवासी टोंक हाल चौमू और मंजू देवी निवासी मुहाना जयपुर को गिरफ्तार किया है और साथ ही पुलिस ने आरोपियों के पास से अवैध मादक पदार्थ स्मैक 01 ग्राम, गांजा 227 ग्राम एवं बिक्री की राशि 23 हजार रुपये सहित एक चौपहिया वाहन वाहन जब्त किया है। पुलिस आरोपियों से मादक पदार्थ की खरीद-फरोख्त की जानकारी जुटाएगी।

ए.टी.एम. बूथ से बैटरी चोरी करने वाला पकड़ा

जयपुर (कासं)। मालपुरा गेट थाना पुलिस ने एटीएम में लगी बैटरी चोरी करने वाले एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया। साथ ही पुलिस ने आरोपित के पास से तीन चोरी की एटीएम बैटरी सहित वारदात में प्रयुक्त एक दुपहिया वाहन बरामद की है। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी खिलाफ अलग-अलग थानों में 28 से ज्यादा मामले दर्ज है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रह है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व तेजस्वनी गौतम ने बताया कि मालपुरा गेट थाना पुलिस ने एटीएम में लगी बैटरी चोरी करने वाले एक शातिर बदमाश राम खिलाड़ी मीणा निवासी कोलिया थाना बनेड़ा जिला टोंक को गिरफ्तार किया गया। जिसके पास से पुलिस ने तीन चोरी की एटीएम बैटरी सहित वारदात में प्रयुक्त एक दुपहिया वाहन

पुलिस ने बताया कि एटीएम में गश्त कर रही 112 को सुबह करीब साढ़े तीन बजे गश्त के दौरान एक युवक एटीएम से निकल कर भागता दिखाई दिया। इस पर जीप में मौजूद पुलिस टीम ने युवक का पीछा कर उसे पकड़ा। पता चला की आरोपी ने तीन एटीएम में तोडफोड बैटरी चुराई है। जिस पर आरोपी राम खिलाड़ी मीण् गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी ने आईसीआईसीआई बैंक के एटीएम में तोड़फोड़ कर वहां पर रखी बैटरी चोरी की थी। आरोपी के खिलाफ टोंक सहित कई जिलों में लूट और चोरी के मामले दर्ज हैं।

'बजट से चिकित्सा क्षेत्र को राहत दी'

जयपुर । एम्स जोधपुर के अध्यक्ष एवं स्वास्थ्य कल्याण ग्रुप, राजस्थान हॉस्पिटल के चेयरमैन डॉ. एस. एस. अग्रवाल ने केन्द्रीय बजट को आम आदमी के हित में बताया। उन्होंने बताया कि सरकार ने इस साल स्वस्थ भारत, विकसित भारत को चरितार्थ करते हुए स्वास्थ्य के क्षेत्र में अभूतपूर्व घोषणा की है इसके कारण चिकित्सा सुविधा आम आदमी को सस्ती गुणवत्तापूर्ण और सभी जगह सुलभ हो सकेगी। सरकार द्वारा प्रारंभिक स्वास्थ्य केदो पर ब्रॉडबैंड उपलब्ध करा देने से वहां पर टेलीमेडिसिन और डिजिटल हेल्थ के द्वारा विशेषज्ञ सेवाओं का लाभ मिल पाएगा। इसी प्रकार हर जिले में कैंसर-डे केयर सेंटर खोलने की सरकार की घोषणा से देशभर में बढ़ती इस बीमारी के रोगी स्थानीय स्तर पर अपना इलाज कर सकेंगे। जीवन रक्षक दवाइयां और चिकित्सा उपकरणों पर कस्टम ड्यूटी कम होने से सभी जरूरतमंदों को दवाइयां सस्ती और सस्ते चिकित्सा उपकरण उपलब्ध हो सकेंगे

मेडिकल शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने 5 साल में 75 हजार मेडिकल सीटे बढ़ाने की घोषणा की है, इनमें इस साल 10 हजार की बढ़ोतरी होगी। सरकार के इस फैसले से ग्रामीण स्तर पर चिकित्सकों की पहुंच उपलब्ध हो सकेगी तथा विशेषज्ञ भी उपलब्ध होंगे। केंद्र सरकार की हील इंडिया पॉलिसी लाने से मेडिकल टूरिज्म बढ़ेगा और मेडिकल वीजा के प्रावधान किए जाना इसमें मददगार साबित होगा।

'आयकर में छूट सराहनीय परंतु महंगाई से राहत नहीं'

जयपुर (कासं)। स्वास्थ्य कल्याण होम्यापैथिक मेडिकल कॉलेज में वरिष्ठ आचार्य प्रो. राजीव सक्सेना ने केन्द्रीय बजट को राहत देने वाला बताया। उन्होंने कहा कि 12 लाख की टेक्स छूट, कैंसर रोग और जीवन रक्षक दवाएं सस्ती करना, महिलाओं व किसानों को राहत देने की घोषणाएं की गई है। मगर यह स्पष्ट नहीं है कि पैसा आयेगा कहां से व अर्थ व्यवस्था व अर्थ संकट कैसे पटरी पर आ पायेगा। यद्यपि चिकित्सा क्षेत्र को काफी दिया मगर अफसोस की बात है कि हर बार की तरह इस बार भी होम्योपैथिक व आयुष के विकास के लिए कुछ भी नहीं है। मुख्य बात यह है कि बिजली, पानी, यातायात, गैस, पेट्रोल, डीजल व महंगाई जैसे ज्वलंत व गंभीर मुद्दों पर आश्चर्यजनक रूप से चुप्पी साध ली गई।

प्रो. राजीव सक्सेना

सी.आई.आई. ने बजट को सराहा

जयपुर (कासं)। सी.आई.आई. राजस्थान ने केन्द्रीय बजट को भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत करने वाला बताया है। सीआईआई राजस्थान के अध्यक्ष अरुण मिश्रा, सीआईआई उत्तरी क्षेत्र के चेयरमैन माधव सिंगानिया, निदेशक नितिन गुप्ता ने कहा कि एमएसएमई के लिए क्रेडिट गारंटी राशि को 5 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 10 करोड़ करना एक स्वागत योग्य कदम है। फल-सब्जियों और श्री अन्न के लिए व्यापक कार्यक्रम घोषित करने से किसानों की आय में सुधार होगा। नेशनल मैन्युफैक्चरिंग मिशन सोलर पीवी, इलेक्ट्रोलाइजर और ग्रिड-स्केल बैटरी में उद्योगों के लिए एक मजबूत ढांचा बनाएगा। ईवी घटकों और महत्वपूर्ण खनिजों के लिए बुनियादी सीमा शुल्क पर छूट, एक मॉडल द्विपक्षीय निवेश संधि के साथ-साथ लिथियम-आयन बैटरी, आत्मनिर्भरता और वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए भारत की प्रतिबद्धता को मजबूत करेगी।